EMA INDIA LIMITED
CIN:L27201UP1971PLC003408
Mfrs. of Induction Heating and Honing Machines & Accessories

07th February, 2024

To,
Manager–CRD,
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street,
Mumbai-400001

Dear Sir / Ma'am,

**Sub: Copy of Advertisement published in Newspaper- Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine months ended 31st December, 2023.**

**Re: EMA India Limited; Scrip Code: 522027**

Pursuant to the provision of Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, enclosed herewith the copies of advertisement published in 'Financial Express' English Edition and 'Rashtriya Sahara' Hindi Edition on 07th February, 2024 for Standalone Un-audited Financial Results for the Quarter and Nine months ended 31st December, 2023.

Kindly, take the same on your record.

Thanking You,

Yours faithfully

**For EMA India Limited**

NAMITA SABHARWAL
Digitally signed by NAMITA SABHARWAL
Date: 2024.02.07 19:05:17 +05'30'

**(Namita Sabharwal)**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**Membership no.- A35411**

**Encl:** As above

सरकारी योजनाओं की संतृप्ति असली धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है।

—— नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

## प्रभु श्रीराम वन गमन कथा सुन भावुक हुए श्रोता



आचार्य रामानुजाचार्य जी महाराज।

**ककवन।** क्षेत्र के मडैयन मनावां गांव के प्राचीन शिव मंदिर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक रामानुजाचार्य जी महाराज ने राम वनवास जाने की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रोता भावुक हो गए। कथावाचक ने बताया कि अयोध्या के राजा दशरथ गुरु वशिष्ठ के परामर्श से प्रभु श्रीराम के तिलक की तैयारी में जुटे थे। कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वरदान के बदले राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राजा बनाने की मांग रख दी। प्रभु श्रीराम,लक्ष्मण के साथ सीता माता ने भी वनगमन के लिए प्रस्थान किया। भगवान के वन गमन की कथा सुनकर श्रोता भावुक हो गए। इस दौरान दिनेश यादव, अर्पित, रामसेवक, मोहित, जीतू, सुरजीत, शिवकुमार, राकेश आदि लोग मौजूद रहे।

**कानपुर विकास प्राधिकरण आवश्यक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दुकान संख्या–14, ब्लाक–16, योजना–कैनाल पटरी कानपुर नगर की लीजडीड दिनांक 30.06.2005 को प्राधिकरण द्वारा श्री शिवप्रसाद पाठक पुत्र श्री शारदा प्रसाद पाठक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। कानपुर नगर निगम द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार मूल पट्टेदार श्री शिवप्रसाद पाठक एवं उनकी पत्नी श्रीमती रामादेवी की मृत्यु क्रमशः दिनांक 10.06.2021 एवं 24.10.2020 को हो चुकी है तथा कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या–259/अह.फौज/2021 दिनांक 07.01.2022 के अनुसार मृतकों के परिवार मे निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य शेष है–(1) श्री अजय पाठक, पुत्र, उम्र–51 वर्ष (2) श्री विजय कुमार पाठक, पुत्र, उम्र–46 वर्ष (3) श्री सतीश, पुत्र, उम्र–46 वर्ष (4) श्री धीरज पाठक, पुत्र, उम्र–42 वर्ष (5) श्रीमती कंचन मिश्रा, पुत्री (विवाहिता), उम्र–47 वर्ष। उपरोक्त श्री विजय कुमार पाठक की मृत्यु दिनांक 20.09.2022 को हो गयी है तथा कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या–2023092605717043 दिनांक 19.10.2023 के अनुसार मृतक के परिवार में निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य शेष है–(1) श्रीमती नीतू पाठक, पत्नी, उम्र–47 वर्ष (2) श्री अभिषेक पाठक, पुत्र, उम्र–26 वर्ष (3) श्री अभय पाठक, पुत्र , उम्र–21 वर्ष। उपरोक्त के अलावा मृतको के परिवार में अन्य कोई सदस्य शेष नही है। जिसमें समस्त पारिवारिक सदस्यों द्वारा श्री सतीश पुत्र स्व. शिव प्रसाद पाठक के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु अपना अपना हक छोड़ते हुये सहमति शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है तथा उक्त सहमति शपथ पत्रों के आधार पर श्री सतीश द्वारा प्राधिकरण अभिलेखों में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। अत उपरोक्तानुसार नामांतरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिवसों के भीतर साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के कार्यालय विक्रय जोन–1 अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से दाखिल कर सकता है। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उपरोक्तानुसार श्री सतीश पुत्र स्व. शिव प्रसाद पाठक के पक्ष में नियमानुसार नामांतरण की कार्यवाही करा दी जायेगी, तदोपरांत कोई आपत्ति/क्लेम मान्य नही होगा। **डा. रवि प्रताप सिंह, विशेष कार्याधिकारी, विक्रय जोन-1**

**EMA INDIA LIMITED**

CIN : L27201UP1971PLC003408

Regd. Office: C-37 Panki Industrial Area, Udyog Nagar, Kanpur - Uttar Pradesh

Website: www.eiltd.info, E-mail: emaindia.cs@gmail.com

Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine months ended 31st December, 2023

(Rs. in Lakhs, except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 30.09.2023 (Unaudited) | Half year ended 30.09.2023 (Unaudited) | Quarter ended 30.09.2022 (Unaudited) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (11.68) | (36.17) | (13.54) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (13.89) | (38.38) | (13.54) |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (13.89) | (38.38) | (13.54) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (13.89) | (38.38) | (13.54) |
| 6 | Equity Share Capital | 100.50 | 100.50 | 100.50 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve)* | - | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic: 2. Diluted: | (1.38) (1.38) | (3.82) (3.82) | (1.35) (1.35) |

Note- (a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly and nine months ended Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and nine months ended Financial Results are available on the Stock Exchange website: www.bseindia.com and on company's website: www.eiltd.info. (b) The financial results were approved by the Board of Directors at their meeting held on 06th February, 2024. (c) The Statutory Auditors of the Company have carried out the limited review in respect of the unaudited financial results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2023. (d) Having considered the resultless talks with big business houses for exploring new business as well as continuous losses in the company coupled with negative net worth , the management has determined that the Company has ceased to be a going concern. Accordingly,all assets below market value have been impaired to keep on realisable value as determined by the management and taken on record by board of directors on meeting of board of director dated 6th of Febuary 2024.

For EMA India Limited
Sd/-
Ranjana Bhargava
(Whole Time Director)

Place : Kanpur
Date : 06/02/2024



***कब जागेंगे जिम्मेदार :*** कैंट शिव नारायण टंडन सेतु के नीचे जर्जर रोड। फोटो : एसएनबी

## मकान दिलाने के नाम पर युवक से लाखों की ठगी

**कानपुर (एसएनबी)।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक युवक के मुताबिक आरोपियों ने मकान दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ले लिये और बाद में रजिस्ट्री करने से मना कर दिया। पीड़ित ने जब रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने गालीगलौज कर धमकी देते हुये भगा दिया। मामले की शिकायत जेसीपी अपराध से की, कल्याणपुर पुलिस ने आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कल्याणपुर आवास विकास प्रथम निवासी जुग्गी लाल के मुताबिक जून 2021 में इलाके के ही रामचंद्र से एक मकान खरीदने के लिये बात कर पच्चीस लाख रुपये में बात तय हुई। रजिस्टर्ड अनुबंध कराया जिसमें तय हुआ कि उक्त मकान पर बैंक का बकाया मकान मालिक देगा। बैंक का बकाया जमा करने के नाम पर आरोपी ने 17 लाख रुपये व तीन लाख रुपये अन्य ले लिये। इसके बाद भी आरोपी मकान मालिक ने बैंक में रुपये जमा नहीं किये और रजिस्ट्री की बात कहने पर टाला मटोली करने लगे। पीड़ित ने सारी बात मकान दिखाने वाले प्रापर्टी डीलर व अनुबंध में गवाह अमित मिश्रा व कौशलेंद्र कुमार को बताई। जिस पर उन्होंने ने भरोसा दिया कि वह मकान आपको दिला देगें और इस काम के लिये पीड़ित से सोलह लाख रुपये ले लिये। रजिस्ट्री की बात करने पर सभी आरोपियों ने पहले तो उन्हें टहलाते रहे बाद में गालीगलौज कर धमकी देते हुये रजिस्ट्री करने से मना कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद वह मामले की शिकायत लेकर जेसीपी अपराध से मिले। आदेश पर कल्याणपुर पुलिस ने सोमवार को तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## युवक की हत्या में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**कानपुर (एसएनबी)।** अपर सत्र न्यायाधीश 8 राम अवतार प्रसाद की कोर्ट ने युवक की हत्या में अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही 40 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।



एडीजीसी अरविंद डिमरी ने बताया कि वादी अनवर अली पुत्र मो. यामिन निवासी बकरमंडी कर्नलगंज ने चकेरी थाने में तहरीर दी। इसमें उसने बताया कि चकेरी थाने से 27 दिसंबर 2006 को सुबह 11 बजे फोन आया। फोन पर सूचना दी गयी कि उसके भाई नदीम जावेद को रामादेवी चौराहे से इलाहाबाद रोड पर ओवरब्रिज की समाप्ति पर निर्माणाधीन होटल के पीछे खेत में मृत पाया गया। पोस्टमार्टम हाउस में जाकर शव को देख अपने बड़े भाई नदीम जावेद के रूप में पहचाना। उसके भाई की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या की गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर 302/201, 862/2006 अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचन द्वारा पंचनामा, पोस्टर्माटम रिपोर्ट व उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त समीर चरन उर्फ बाबू के विरुद्ध धारा 302/201 के तहत न्यायालय में आरोपपत्र प्रेषित किया गया। एडीजीसी ने बताया कि मृतक नदीम जावेद और अभियुक्त समीर चरन उर्फ बाबू के बीच पैसों को लेकर विवाद था। इसी को लेकर हत्या की गयी। न्यायालय ने साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर अभियुक्त समीर चरन उर्फ बाबू को दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 40 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

## पनकी में दो फैक्ट्रियों में छापा 12 कुंतल रंगीन कचरी पकड़ी

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर।**

होली का त्योहार नजदीक आते ही मिलावटी रंगीन कचरी का कारोबार धड़ल्ले से शुरू हो गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को पनकी औद्योगिक क्षेत्र में दो फैक्ट्रियों पर छापा मारा और गंदगी के बीच रंगीन कचरी का धंधा पकड़ा। टीम ने नमूने लेकर 1200 किलो रंगीन कचरी सीज की, जिसकी अनुमानित कीमत 43,200 रुपये बतायी जाती है।

सहायक आयुक्त खाद्य-2 विजय प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी को सूचना मिलने के बाद मौके पर भेजा गया था। यहां पनकी स्थित आरव इंटरप्राइजेज में रंगीन कचरी का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा था। औचक निरीक्षण कर दो रंगीन कचरी और दो खाद्य रंग का नमूना संदेह के आधार पर लिया गया। पास ही संचालित एक अन्य फर्म जवान इंडस्ट्रीज द्वारा मैकरोनी व पास्ता का निर्माण किया जा रहा था। यहां भी मैकरोनी का एक नमूना लिया गया। दोनों फर्मों को कारोबार स्थल पर गंदगी, निर्माण में कार्यरत लोगों की व्यक्तिगत सफाई, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, बर्तनों की सफाई, रंग आदि के लिए सुधार को लेकर चेतावनी दी गयी। जवान इंडस्ट्रीज को लाइसेंस नवीनीकरण का समय निकल जाने और डी-1 को ऑनलाइन जमा न करने पर पड़ने वाली पेनाल्टी को तत्काल जमा करने के निर्देश दिये गये। तैयार किया जा रहा माल होली के त्योहार पर खपाये जाने की तैयारी थी।

सहायक आयुक्त ने बताया होली के त्योहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के निर्माण व बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। आगे भी टीमों द्वारा छापेमारी जारी रहेगी।



तैयार रंगीन कचरी को सीज करती खाद्य विभाग की टीम। फोटो : एसएनबी

**गंदगी के बीच मानक विहीन तरीके से बनायी जा रही थी कचरी**

**नमूने जांच के लिये भेजे, होली के त्योहार पर खपत की थी तैयारी**

## मोबाइल चोरी करते चोर सीसीटीवी में कैद



चकेरी में मोबाइल पार करते सीसीटीवी में कैंद चोर। फोटो : एसएनबी

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर।**

चकेरी में मॉल में खरीदारी करने गये युवक की जेब से चोरों ने मोबाइल चुरा लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई। वहीं चोर मोबाइल चोरी करते मॉल में लगे सीसीटीवी में कैद हो गये है।

लालबंगला न टू रोड स्थित चर्च के फॉदरी फ्रांचिस जोसेफ के अनुसार वह हरजेंद्र नगर स्थित एक मॉल में खरीदारी करने गये थे। जहां पर दो चोर आये और जेब से उनका मोबाइल चुरा कर भाग निकले। वहीं चोर चोरी करते सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये है। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी चोरों की तलाश में जुट गई है।

## 'भाजपा सरकार में महंगाई से परेशान है जनता'

**समाजवादी पार्टी ने पीडीए बैठक का किया आयोजन**

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

**कानपुर।**

समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष फजल महमूद ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई से जनता परेशान है। आगामी लोकसभा चुनाव में पीडीए पूरे प्रदेश से भाजपा का सफाया करेगी।

समाजवादी पार्टी किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 14 में पीडीए की पंचायत बैठक महानगर अध्यक्ष की अध्यक्षता में साउथ एक्स मॉल के सामने नया पुरवा में संपन्न हुई। पीडीए बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष ने कहा कि समाज में भाजपा सरकार नफरत फैलाकर भाई-भाई से लड़ाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रही है। किसान, नौजवान, महिलाएं, व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षक सभी इस सरकार से त्रस्त है। शोषित पीड़ित वंचित समाज के सभी लोगों को समाज में सम्मान और राजनीति में भागीदारी के लिए समाजवादी पार्टी संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। आज देश व प्रदेश में महंगाई से जनता त्रस्त हो गई है। जनता आने वाले लोकसभा चुनाव में अब बदलाव करना चाहती है। जीवन उपयोगी वस्तुओं के दाम लगातार आसमान छू रहे है। इस सरकार ने महंगाई पर काबू पाने के लिए कोई ठोस कदम अभी तक नहीं उठाया है। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। बैठक का संचालन दीपक खोटे व संयोजक फैज महमूद रहे। बैठक में शैलेंद्र यादव मिंटू, अभिमन्यु गुप्ता, अपर्णा जैन, दीपा यादव, सुलेखा यादव, अनवर अली पप्पू मिर्जा, राहुल वर्मा, अरशद दद्दा आदि लोग मौजूद रहे। वहीं, समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाबू कुटी बस्ती में नाले के पास पीडीए पंचायत का आयोजन कर क्षेत्रीय निवासियों की कठिन परिस्थितियों और समस्याओं को उजागर करते हुए बस्ती में रह रहे दलित समाज के लोगों के लिए भी सम्मान व मूलभूत सुविधाओं के जीवन की मांग की। यहां मुख्य अतिथि सपा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता रहे।

## उत्पीड़न रोकने के लिए व्यापारियों ने लगायी गुहार

**कानपुर।** फीटा उद्योग व्यापार संघ के द्वारा सीजीएसटी के अधिकारियों के द्वारा विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों में व्यापारियों का उत्पीड़न करने, नियमों के विपरीत जांच के नाम पर डरा धमका करके अपना अलग उदेश की पूर्ति करने, व्यापारी को जांच पर आने का कारण न बताने, संपूर्ण परिसर की जांच करने, स्टॉक की जांच करने, बिना लिखित अनुमति के जांच करने, जांच के अधिकार पत्र को व्यापारी को न देने, बाजार में घूमते हुए किसी भी व्यापारी/फैक्ट्री में घुस जाने आदि के विरोध में मंगलवार को सीजीएसटी कमिश्नर गौरी शंकर सिंह से व्यापरियों ने उनके सर्वोदय नगर स्थित कार्यालय में मुलाकात की और विरोध दर्ज कराया और उनसे अधिकारियों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न पर विरोध जताया।

व्यापारियों ने कमिश्नर को बताया कि व्यापारी के हक के कागज,जैसे जांच का अधिकार पत्र, बयान, पंचनामा आदि उससे दस्तखत कराते है पर एक प्रति नहीं देते है, जिससे वह भविष्य में अपना केस लड़ सके। बैठक में सभी समस्याओं को सुनने पर कमिश्नर ने यह आश्वासन दिया कि संस्था के द्वारा और व्यापारियों के उत्पीड़न शिकायतें उनके संज्ञान में आज आई है,जिनका निराकरण वह तत्काल कराएंगे। यह भी कहा कि भविष्य में किसी भी व्यापारी को इस तरह की कोई भी समस्या नहीं आएगी। संस्था द्वारा प्रत्येक तीन माह में बैठक करने की मांग को भी उन्होंने सहमति दी

बैठक में एडिशनल कमिश्नर अमर बहादुर, एडिशनल कमिश्नर प्रदीप सिंह, ज्वाइंट कमिश्नर शशि शेखर, डिप्टी कमिश्नर अंकित अग्रवाल विभाग की ओर से मौजूद थे। फीटा से महासचिव उमंग अग्रवाल, शिव कुमार गुप्ता, अरुण ओमर, शुभम अग्रवाल गिरीश गुप्ता, संदीप जादिया, अरुण सहानी विपिन गुप्ता आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु डाल नहर खण्ड, बांदा**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं0–08/ल0डा0न0ख0बां0/2023-24

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0/ लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | कार्य की मात्रा | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0) स्टेशनरी शुल्क सहित) | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद बांदा के विकासखण्ड बड़ोखरखुर्द में ग्राम गन्छा के समीप नवीन रामजानकी पम्प नहर परियोजना के अन्तर्गत प्रथम चरण से द्वितीय चरण के मध्य चैनेज 250 मी0 से 1150 मी0 मुख्य नहर एम0एस0 पाइप (630 एमएमØ) लेइंग का कार्य। | 33.80 लाख | शिड्यूल 'बी' के अनुसार | 2354.00 | 67600.00 | 45 दिन | यांत्रिक "ए" व उच्च |

ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है। उक्त निविदा दिनांक –08.02.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे से दिनांक – 13.02.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड दिनांक – 14.02.2024 को पूर्वान्ह 10.00 बजे गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जाएगी ।

उ.प्र. : 202356 दिनांक : 05.02.2024 वेबसाइट : www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड, बाँदा

## विवाद के बाद दुकानदार को दी जातिसूचक गालियां, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर (एसएनबी)।** बजरिया थाना क्षेत्र में एक दुकानदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पड़ोसी दुकानदार ने रंजिश के चलते उसे जातिसूचक गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी है।

सीसामऊ गांधी नगर निवासी राजू वर्मा के अनुसार उनकी वैष्णो मार्केट में दुकान है। पड़ोस में मुरली आहूजा की दुकान है जिनसे विवाद चल रहा है। इसी के चलते 13 जनवरी को आरोपी दुकानदार अपने भाई के साथ मिलकर उनके साथ विवाद किया और जातिसूचक गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की शिकायत बजरिया थाने में की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत एसीपी सीसामऊ से की। सोमवार को बजरिया पुलिस ने आदेश पर पीड़ित की तहरीर पर आरोपी मुरली आहूजा, लालू आहूजा, अमर आहूजा के खिलाफ एससीएसटी सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## मौलाना अजहरी की रिहाई के लिये राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



पुलिस आयुक्त को ज्ञापन देते शहर काजी मौलाना साकिब अदीब मिस्बाही। फोटो : एसएनबी

**कानपुर (एसएनबी)।** शहरकाजी साकिब अदीब मिस्बाही के नेतृत्व में उलमा के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मिलकर उन्हें राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मौलाना सलमान अजहरी की रिहाई की मांग की।

विदित हो कि इंटरनेशनल वक्ता मौलाना मुफ्ती सलमान अजहरी को एटीएस गुजरात द्वारा उनके मुंबई स्थित आवास से गिरफ्तार किया गया है। बताते हैं कि गुजरात में दौरान ए तकरीर उन्होंने एक शेर ऐसा पढ़ा, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत होती है और इसी को लेकर उन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है, जिसके तहत गिरफ्तारी की गई है। पुलिस कमिश्नर को दिये ज्ञापन में कहा गया कि मौलाना के संबोधन को एडिट करके प्रसारित किया जा रहा है। ऐसे में बगैर जांच पड़ताल और पूरा बयान सुने बिना कुछ शरारती तत्वों की शिकायत पर उन्हें जेल भेजना न्याय पूर्ण नहीं है। ज्ञापन में राष्ट्रपति ने निवेदन किया गया कि इस प्रकरण का संज्ञान देते हुए उन्हें रिहा करने की कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में नायब शहर काजी मोहम्मद सगीर आलम हबीबी, कारी अब्दुल मुत्तलिब कादरी, महामंत्री महबूब आलम खान, मौलाना असगर यार अल्वी आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड, फतेहपुर**

शुद्धि–पत्र

सार्वजनिक नीलामी सूचना संख्या–01/2023–24/न0ख0फ0

इस कार्यालय के पत्र संख्या–93/न0ख0फ0/नीलामी/दिनांक–12.01.2024 को आंशिक संसोधन करते हुए समय से प्रकाशन न होने के कारण डिमांड ड्राफट बनवाने में असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक–29.01.2024 को नीलामी अग्रिम आदेशों तक स्थगित की जाती है। अग्रिम तिथि–07.02.2024 से 14.02.2024 तक टोकन की विकी एवं दिनांक–15.02.2024 को नीलामी की तिथि निर्धारित की जाती है। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगें।

| क्र0सं | निष्प्रयोज्य सामग्री का नाम | मात्रा (मी0टन में) | मूल्यांकित/आरक्षित न्यूनतम धनराशि प्रति कि0ग्रा0/मी0 टन (जी0एस0टी0 नियमानुसार अतिरिक्त) | धरोहर धनराशि (रू0 में ) | लॉट संख्या | नीलामी की तिथि व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जला हुआ पी0वी0सी0 कोटेड तांबे का तार | 2.500 | 449.00 प्रति किग्रा0 | 113000.00 | 1 | तिथि:–15.02.2024 स्थान–नलकूप खण्ड, फतेहपुर का कार्यालय परिसर |
| 2 | कास्ट आयरन स्कैप | 0.900 | 35412.00 प्रति मी0टन | 3200.00 | 2 | |
| 3 | स्टील स्कैप | 0.800 | 35412.00 प्रति मी0टन | 3000.00 | 3 | |

नोट– नीलामी से संबंधित नियम व शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय आकर प्राप्त की जा सकती है।

उ.प्र. : 202281 दिनांक : 05.02.2024 वेबसाइट : www.upgov.nic.in

प्रशांत सिंह
अधिशासी अभियन्ता

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**

400 के.वी. विद्युत उपसंस्थान
महोबा रोड, खैराडा, बाँदा
दूरभाष– 9839140568
E-mail- ee400kvbanda@upptcl.org
GSTN NO. 09AACU8823E1Z9

**उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि.**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

1. इस खण्ड द्वारा अल्पकालीन ई–निविदा 30/वि. 400 के.वी. उ.ख.बाँ./ 2023–24 से सम्बन्धित सभी विवरण वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। अद्योहस्ताक्षरी के पास सम्पूर्ण निविदा या उसके किसी भी अंश को बिना कोई कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार है।

अधिशाषी अभियन्ता
वि. 400 के.वी. उ.ख. बाँदा

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'
साधारण/सी.एफ.एल. बल्ब के स्थान पर एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।

पत्रांक: 070/वि.400 के.वी. उपकेन्द्र खण्ड बाँदा
दिनांक: 06/02/2024

**उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि.**
जी–4/5बी, सेक्टर–4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ।

नोटिस सं.–मु.अभि.सी–393/ई.टे.प्र./टी–400(IX) दिनांक : 06 फरवरी, 2024

**ई–निविदा सूचना**

उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. द्वारा निम्नलिखित जनपदों में निर्माण कार्यो हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित बिड डाक्यूमेंट, नियम/शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा से सम्बंधित सूचना विभागीय वेबसाइट www.uprnss.org पर भी देखी जा सकती है :–

| क्र. सं. | निविदा नोटिस संख्या | जनपद का नाम | निविदा अपलोड करने की तिथि | कार्य का नाम | निविदा की लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 57/SE/KANPUR/UPRNSS/ E-TENDER/ 2023-24 Dated 05.02-2024 | ललितपुर | 05.02.2024 | जनपद ललितपुर के मड़वारा में गौ–संरक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य। | 122.53 |
| 2. | 68/अधी.अभि./यू.पी.आर.एन. एस./का.परि./2023–24 दिनांक : 05.02.2024 | कानपुर | 07.02.2024 | डा. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी फॉर दिव्यांगजन उ.प्र. कानपुर के संस्थान परिसर में स्थित रसायन एवं भौतिकी प्रयोगशाला के प्रथम तल पर कक्षों के कार्य। | 70.02 |
| 3. | 69/अधी.अभि./यू.पी.आर.एन. एस./का.परि./2023–24 दिनांक : 05.02.2024 | कानपुर | 07.02.2024 | बी.पी.एच.यू. चौबेपुर ब्लाक चौबेपुर। | 40.63 |
| 4. | 70/अधी.अभि./यू.पी.आर.एन. एस./का.परि./2023–24 दिनांक : 05.02.2024 | कानपुर | 07.02.2024 | बी.पी.एच.यू. ककवन ब्लाक ककवन। | 40.63 |
| 5. | 71/अधी.अभि./यू.पी.आर.एन. एस./का.परि./2023–24 दिनांक : 05.02.2024 | कानपुर | 07.02.2024 | बी.पी.एच.यू. पतारा ब्लाक पतारा। | 40.63 |
| 6. | 72/अधी.अभि./यू.पी.आर.एन. एस./का.परि./2023–24 | कानपुर | 07.02.2024 | बी.पी.एच.यू. शिवराजपुर ब्लाक शिवराजपुर | 35.15 |

मुख्य अभियन्ता

